RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 116 • 09:05:2024 • गुरूवार • मूल्य : 5/-

# अब खरगे-प्रियंका संभालेंगे प्रचार की कमान

**राहुल रायबरेली में देंगे ध्यान, आधा चुनाव बीतने के बाद कांग्रेस ने बदला प्लान**

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में पिछले दो चरणों में शेष 24 सीटों में से कांग्रेस केवल छह सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इसलिए राहुल गांधी के महाराष्ट्र में प्रचार करने की संभावना नहीं के बरारबर है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और प्रियंका गांधी वाड्रा कांग्रेस उम्मीदवारों के लिए रैलियां करेंगी। 13 मई को होने वाले चौथे चरण में कांग्रेस पुणे, जालना और नंदुरबार लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है। राहुल गांधी पहले ही पुणे में एक रैली कर चुके हैं।

प्रियंका गांधी 10 मई को नंदुरबार में प्रचार करेंगी। पांचवें चरण में पार्टी उत्तर महाराष्ट्र की धुले और मुंबई की दो सीटों पर चुनाव लड़ेगी। यहां प्रचार के लिए पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे 15 मई को एक रैली कर सकते हैं। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, राहुल गांधी उत्तर प्रदेश में रायबरेली सीट से चुनाव लड़ रहे हैं जहां 20 मई को चुनाव होगा। वह वहां और देश के अन्य हिस्सों में भी प्रचार करेंगे। हमारे यहां कई नेता



प्रचार कर रहे हैं, जिनमें खरगे और प्रियंका भी शामिल हैं। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 मई को नासिक, भिवंडी और मुंबई में तीन चुनावी रैलियों को संबोधित करने वाले हैं। 17 मई को वह मुंबई में एक रोड शो भी करेंगे। केंद्रीय मंत्री अमित शाह के भी 12 मई को एक रैली करने की संभावना है। महाराष्ट्र में लगातार दौरे को लेकर पीएम पर निशाना साधते हुए शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा,हम नरेंद्र मोदी का दक्षिण मुंबई के पेडर रोड पर और अमित शाह का बोरीवली में डेरा जमाने के लिए स्वागत करते हैं। वे दोनों जितनी बार महाराष्ट्र आ रहे हैं, उन्हें अब यहीं घर मिल जाना चाहिए। राउत ने कहा, कोई फर्क नहीं पड़ता कि वे कितनी बार यहां आते हैं और मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं।

## उत्तराखंड जंगलों की आग पर नजर आई 'सुप्रीम' सख्ती

● सरकार-याचिकाकर्ताओं को दिया निर्देश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग मामले में बुधवार 8 मई को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने उत्तराखंड सरकार और याचिकाकर्ताओं से कहा कि मामले की रिपोर्ट सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी से शेयर करें और उनसे ओपिनियन लें। इस मामले में अब 15 मई को सुनवाई होगी।



उत्तराखंड सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि नवंबर 2023 से अब तक जंगलों में आग लगने की 398 घटनाएं हो चुकी हैं। हर बार ये आग इंसानों द्वारा लगाई गई। उत्तराखंड में अप्रैल के पहले हफ्ते से लगी आग से अब तक 11 जिले प्रभावित हैं। इसमें गढ़वाल मंडल के पौड़ी रुद्रप्रयाग, चमोली, उत्तरकाशी, टिहरी ज्यादा प्रभावित हैं और देहरादून का कुछ हिस्सा शामिल है। जबकि कुमाऊं मंडल का नैनीताल, चंपावत, अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़ ज्यादा प्रभावित हैं।

# पित्रोदा के डबल झटके से बैकफुट पर कांग्रेस

नस्लवादी टिप्पणी से किया किनारा, कहा-विविधता की ये परिभाषा मंजूर नहीं

**पीएम मोदी ने कहा-शहजादे के फिलॉसफर ने चमड़ी के आधार पर गाली दी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने विरासत टैक्स के बाद भारत की विविधता को लेकर बयान दिया। पित्रोदा ने कहा कि भारत में ईस्ट के लोग चाइनीज और साउथ वाले अफ्रीकन दिखते हैं। बयान देने के कुछ ही देर बाद कांग्रेस ने इससे किनारा कर लिया। कांग्रेस ने कहा कि भारत की विविधता की ये परिभाषा मंजूर नहीं है। यह गलत है। जब बयान सामने आया, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेलंगाना के वारंगल में सभा कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा, शहजादे के फिलॉसफर ने चमड़ी के आधार पर देशवासियों का अपमान किया। गाली दी। सैम पित्रोदा ने अंग्रेजी अखबार द स्टेट्समैन को दिए एक इंटरव्यू में विविधता पर बयान दिया। उन्होंने कहा, हम 75 साल बहुत खुशहाल माहौल में रहे हैं। लोग इधर-उधर के झगड़ों को छोड़कर एक साथ रहते थे। हम भारत जैसे विविधता वाले देश को एक साथ रख सकते हैं। यहां हम सभी भाई-बहन हैं।



● **प्रधानमंत्री बोले- मेरा मन गुस्से से भर गया है-** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज मैं बहुत गुस्से में हूं। लोग मुझे गाली दें तो मैं गाली सह लेता हूं; लेकिन शहजादे के फिलॉसफर ने इतनी बड़ी गाली दी है कि मेरे मन में गुस्सा भर गया है। मोदी ने कहा, क्या मेरे देश में चमड़ी का रंग देखकर लोगों की योग्यता तय होगी। चमड़ी के रंग का खेल खेलने का हक शहजादे को किसने दिया है। संविधान सर पर लेकर नाचने वाले लोग मेरे देश का अपमान कर रहे हैं।

● **बैकफुट पर कांग्रेस,नस्लवादी' टिप्पणी से किया किनारा-**मौजूदा लोकसभा चुनावों के बीच मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस अपने ओवरसीज चीफ सैम पित्रोदा के बयान से दूसरी बार मुश्किलों में घिर गई है। पित्रोदा के बयान पर विवाद बढ़ता देख कांग्रेस ने उनकी कथित नस्लवादी टिप्पणी से खुद को अलग कर लिया है। पार्टी प्रवक्ता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा, सैम पित्रोदा ने पॉडकास्ट में भारत की विविधता को दर्शाने के लिए जो उदाहरण दिए हैं, वे सबसे दुर्भाग्यपूर्ण और अस्वीकार्य हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इन उदाहरणों से खुद को पूरी तरह से अलग करती है।

## दुखी हैं पर नहीं चलेगी उनकी बिना इंजन की गाड़ी

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा में तीन निर्दलीय विधायकों के भाजपा से अपना समर्थन वापस लेने के बाद राज्य में सियासत गर्मा गई है। विपक्ष की ओर से अब फ्लोर टेस्ट की मांग उठ रही है। हालांकि ताजा हालातों को देखते हुए सैनी सरकार अल्पमत में है लेकिन, इसके बावजूद भाजपा नेता दावा कर रहे हैं कि उनकी सरकार को कोई खतरा नहीं है। वहीं, इस मामले में हरियाणा के पूर्व मंत्री अनिल विज का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि हम उन विधायकों के जाने से दुखी जरूर हैं लेकिन, विपक्षी गठबंधन की गाड़ी इस बार भी बिना इंजन के ऐसे ही खड़े रहने वाली है। हरियाणा में लगातार बदल रहे राजनीतिक हालातों पर हरियाणा के पूर्व मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल विज ने कहा कि हम तीन निर्दलीय विधायकों के कांग्रेस को समर्थन देने से दुखी हैं लेकिन, हमारे पास ट्रिपल इंजन वाली सरकार है।

## कांग्रेस में पार्टी का विलय कर सकते हैं शरद पवार

● एनसीपी चीफ ने दे दिया बड़ा हिंट,एक भविष्यावाणी भी की



**मुंबई (एजेंसी)।** शरद पवार ने लोकसभा चुनाव 2024 के बाद की राजनीतिक तस्वीर को लेकर बड़ी भविष्यवाणी की है। उन्होंने कहा कि आम चुनाव के बाद कई क्षेत्रीय दल कांग्रेस के करीब आएंगे। इसके अलावा कुछ दल तो कांग्रेस में विलय भी कर सकते हैं। विपक्ष के वरिष्ठ नेताओं में से एक शरद पवार ने कहा कि अगले कुछ सालों में कई दल कांग्रेस के करीब आएंगे। यही नहीं इनमें से कुछ तो कांग्रेस में विलय के विकल्प पर भी विचार कर सकते हैं। यदि उन्हें लगा कि उनके दल के लिए यह बेहतर होगा। बातचीत में शरद पवार ने इसके साथ ही एक हिंट भी दे दिया। उनसे जब पूछा गया कि क्या यह बात उनकी अपनी पार्टी एनसीपी-शरद चंद्र पवार पर भी लागू होती है। इस पर पवार ने कहा, मैं कांग्रेस और अपनी पार्टी में कोई अंतर नहीं देखता। वैचारिक रूप से हम गांधी और नेहरू की लाइन को ही मानते हैं। उन्होंने कहा, मैं अभी से कुछ नहीं कह रहा हूं। बिना अपने साथियों से बात के कुछ नहीं कहना चाहिए। वैचारिक रूप से हम कांग्रेस के करीब हैं।

## कनाडाई विदेश मंत्री बोलीं- भारत पर लगे आरोपों पर कायम

● निज्जर की हत्या में उनका हाथ

**ओटावा (एजेंसी)।** कनाडा ने एक बार फिर से खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में भारत पर लगाए गए आरोपों को दोहराया है। कनाडा की विदेश मंत्री मेलेनी जोली ने कहा,हम अभी भी यही मानते हैं कि भारतीय एजेंट्स ने कनाडाई धरती पर हमारे नागरिक की हत्या करवाई। दूसरी तरफ कनाडा में मौजूद भारत के हाई कमिश्नर संजय कुमार वर्मा ने कहा, भारत की क्षेत्रीय अखंडता पर बुरी नजर डालना लक्ष्मण रेखा पार करने जैसा है। भारत का भविष्य अब विदेशी नहीं, बल्कि भारतीय खुद तय करेंगे। मीडिया से बात करते हुए कनाडा की विदेश मंत्री जोली ने बताया कि निज्जर की हत्या की जांच रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस कर रही है। जोली ने कहा ,कनाडा की प्राथमिकता देश के नागरिकों की रक्षा करना है। जोली ने आगे कहा, फ़हम उन आरोपों पर भी कायम हैं जिसमें कहा गया था कि भारतीय एजेंट्स ने कनाडा की धरती पर एक शख्स की हत्या की।

## चुनाव के लिए बीजेपी कुछ भी कर सकती है

**एक और कांग्रेसी ने पुंछ आतंकी हमले पर उठाया सवाल**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के बाद एक और कांग्रेस नेता और पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वारिंग ने हाल ही में पुंछ आतंकी हमले को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि भगवा पार्टी चुनाव के दौरान कुछ भी कर सकती है। मंगलवार को उन्होंने कहा, पुलवामा हमला अभी भी एक रहस्य बना हुआ है, जिसको लेकर तत्कालीन उपराज्यपाल सत्यपाल मलिक भी सवाल उठा चुके हैं। इसमें कुछ भी नया नहीं है। भाजपा चुनाव के दौरान कुछ भी कर सकती है। आपको बता दें कि वारिंग लुधियाना सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। फरवरी 2019 में जैश-ए-मोहम्मद द्वारा किया गया पुलवामा हमला लोकसभा चुनाव से ठीक पहले हुआ था। इसके कुछ दिनों के बाद भारतीय वायु सेना ने पाकिस्तान के अंदर बालाकोट में जवाबी हमले किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा ने चुनाव में लगातार दूसरी बार बहुमत हासिल किया। भाजपा सरकार ने चुनावी लाभ के लिए आतंकवादी हमले की इजाजत दी।

# मोदी के नफरती भाषणों पर ऐक्शन नहीं लेता है ईसी

**नोटिस भी पार्टी को भेजा, अब हाईकोर्ट पहुंची कांग्रेस**



**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी (टीएनसीसी) ने मद्रास उच्च न्यायालय के समक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चुनाव आयोग को लेकर एक याचिका दायर की है। याचिका में हाईकोर्ट से आग्रह किया गया है कि वह भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) को मौजूदा चुनावी मौसम के दौरान कथित तौर पर नफरत भरे भाषण देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दे। याचिका में कहा गया है कि मोदी के नफरत भरे भाषणों के खिलाफ चुनाव आयोग में कई शिकायतें दर्ज की गई थीं, लेकिन उसने सीधे नरेंद्र मोदी से सवाल करने के बजाय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को केवल एक कारण बताओ नोटिस जारी किया है। याचिका में कहा गया है कि नफरत फैलाने वाले भाषणों के लिए मोदी खुद अपराधी हैं। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, याचिका में कहा गया है,मोदी इन भड़काऊ टिप्पणियों, अपमानजनक और विभाजनकारी भाषणों के लिए पूरी तरह जिम्मेदार हैं। ईसीआई की यह उदारता नागरिकों को गलत संकेत भेजती है और हमारे देश की पूरी चुनावी प्रक्रिया की अखंडता को कमजोर करती है। इस मामले का उल्लेख आर कलाईमथी की अवकाश पीठ के समक्ष किया गया।

## कश्मीर के कुलगाम में आतंकियों का फिर एनकाउंटर शुरू

सुरक्षाबलों ने मंगलवार को लश्कर कमांडर बासित को किया था ढेर

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में रेडवानी पाईन इलाके में बुधवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच फिर मुठभेड़ शुरू हो गई है। इससे पहले मंगलवार को मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को मार गिराया था। मरने वालों में आतंकी लश्कर का टॉप कमांडर बासित डार भी था, जिस पर 10 लाख रुपए का इनाम था।

वह कश्मीर में कई लोगों की हत्या में शामिल रहा है। वहीं, मारा गया दूसरा आतंकी फहीम अहमद था, जो आतंकियों की मदद करता था। वहीं, दूसरी तरफ पुंछ में वायुसेना के काफिले पर हमला करने वाले आतंकियों को पकड़ने के लिए बुधवार को लगातार पांचवें दिन तलाशी अभियान जारी है।

**रीति-रिवाज**

## लिव इन रिलेशनशिप में नहीं रह सकते हैं मुसलमान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने हाल ही में अपने एक अहम फैसले में कहा है कि इस्लाम धर्म को मानने वाला कोई भी शख्स लिव-इन रिलेशनशिप में रहने का दावा नहीं कर सकता है। खासकर तब, जब पहले से उसकी कोई जीवित जीवनसंगिनी हो। कोर्ट ने कहा कि मुसलमान जिस रीति-



रिवाज को मानते हैं, वह उन्हें लिव-इन रिलेशनशिप में रहने का अधिकार नहीं देता है। जस्टिस अताउर्रहमान मसूदी और जस्टिस अजय कुमार श्रीवास्तव की बेंच ने कहा कि जब किसी नागरिक के वैवाहिक स्थिति की व्याख्या पर्सनल लॉ और संवैधानिक अधिकारों यानी दोनों कानूनों के तहत की जाती है, तब धार्मिक रीति-रिवाजों को भी समान महत्व दिया जाना चाहिए। कोर्ट ने आगे कहा कि सामाजिक और धार्मिक रीति-रिवाज एवं प्रथाएं इसकी इजाजत नहीं देतीं।

# पतंजलि केस में आईएमए की भी बढ़ गईं मुश्किलें

**बालकृष्ण की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने थमाया नोटिस**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भ्रामक विज्ञापन से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट में चल रही कार्यवाही को लेकर टिप्पणी करने को लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) प्रमुख डॉ. आरवी अशोकन की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। शीर्ष अदालत ने मंगलवार को डॉ. अशोकन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जस्टिस हिमा कोहली और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने पतंजलि आयुर्वेद के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण की ओर से आईएमए प्रमुख डॉ. अशोकन के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर दाखिल अर्जी पर विचार करते हुए यह नोटिस जारी किया है। मामले की सुनवाई के दौरान पीठ ने मामला लंबित रहने के दौरान आईएमए अध्यक्ष डॉ. अशोकन द्वारा दिए गए साक्षात्कार पर कड़ी फटकार लगाई। जस्टिस कोहली ने कहा कि जब मामला अदालत में लंबित है, ऐसे में आपका (आईएमए के वकील) मुवक्किल इस बारे में साक्षात्कार कैसे दे सकता है। पीठ ने आईएमए के वकील से कहा कि ऐसे मामले में जहां आपके मुवक्किल का अध्यक्ष प्रेस में जाता है और उस मामले में बयान देता है जो विचाराधीन है। आप ही हैं जिन्होंने दूसरे पक्ष से कहलवाया कि वे भ्रामक विज्ञापन चला रहे हैं, आप क्या कर रहे हो अदालत पर टिप्पणियां कर रहे हैं।



**कर्नाटक सेक्स स्कैंडल**

# प्रज्वल के पिता एचडी रेवन्ना अब 14 मई तक रिमांड पर

● डिप्टी सीएम शिवकुमार बोले- कुमारस्वामी ने अपने भतीजे प्रज्वल के वीडियो सर्कुलेट कराए

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक सेक्स स्कैंडल की विक्टिम के अपहरण के आरोपी और पूर्व पीम एचडी देवगौड़ा के बेटे एचडी रेवन्ना की पुलिस रिमांड 14 मई तक बढ़ा दी गई है। रेवन्ना को एसआईटी ने 3 मई को विक्टिम के बेटे की शिकायत पर गिरफ्तार किया था। वहीं, मंगलवार शाम रेवन्ना की तबीयत खराब होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने बैचेनी की शिकायत की थी। डॉक्टरों ने उनका चेकअप किया और रिपोर्ट्स नॉर्मल आने पर उन्हें एसआईटी अधिकारियों के साथ वापस एसआईटी हेडक्वॉटर्र भेज दिया। इधर, कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा कि कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने प्रज्वल रेवन्ना के आपत्तिजनक वीडियो फैलाए हैं। कुमारस्वामी एचडी रेवन्ना के भाई और प्रज्वल के चाचा हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### गांव में पक्की सड़क नहीं होने से नाराज गांव वाले, मिर्चायगंज गांव के लोग बोले- रोड नहीं तो वोट नही



**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा के नूरसराय प्रखंड अंतर्गत मामूराबाद पंचायत के मिर्चायगंज गांव में बुधवार को ग्रामीणों ने गांव में रोड नहीं रहने के कारण नाराजगी वक्त की है। ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव में वोट नहीं करने का निर्णय लिया है। गांव के राहुल कुमार, रविंद्र पासवान वालक यादव, आनंद साव, सुबोध राम, दीपक कुमार, नंदू पंडित, धर्मेंद्र मिस्त्री समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गांव में अब तक मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। नाली का निर्माण बेहतर तरीके से नहीं होने के कारण उसका पानी कच्ची सड़क पर आ जाता है। जिसके कारण लोगों को पैदल चलने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गर्मी के दिनों में भी सड़क पर जल जमाव की स्थिति बनी रहती है बरसात में तो कहना ही क्या है। स्थानीय जनप्रतिनिधि से लेकर क्षेत्र के विधायक तक रोड बनवाने को लेकर अर्जी लगा चुके हैं। लेकिन अब तक 15 वर्षों से भी अधिक का समय बीत गया है। लेकिन गांव में पक्की सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। अब हम लोगों ने यह निर्णय लिया है कि अगर रोड नहीं बनता है तो हम लोग आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान नहीं करेंगे। 15 सौ की आबादी वाला मिर्चायगंज गांव आज भी पक्की सड़क से वंचित है। जबकि मिर्चायगंज गांव में ही लोकल बाजार होने के कारण करीब 1 दर्जन गांव के लोग मुकरामपुर, मोहम्मदपुर, चंद्र बीघा, दयालपुर, मामूराबाद, गोविंदपुर, ककैला, रामगढ़, खरजम्मा सरबलपुर, साकरौढा, गजराज बीघा, विशुनपुर के ग्रामीणों को बाजार आने में कच्ची सड़क के कारण परेशानी होती है।

### तीसरे फेज में सुधरा बिहार का वोटिंग प्रतिशत, 2019 के चुनाव से 1.22 फीसदी कम रहा

**पटना, एजेंसी।** बिहार में तीसरे चरण का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से खत्म हो गया है। पिछले दो चरणों की तुलना में इस बार वोटिंग पर्सेंट का ग्राफ बढ़ा है। हालांकि, थर्ड फेज की सभी पांच सीटों पर पिछले चुनाव की तुलना में कम वोटिंग हुई है। ओवर ऑल देखें तो इस बार इन 5 सीटों पर 60 फीसदी की वोटिंग हुई है। जबकि, 2019 में यहां 61.22 फीसदी वोटिंग हुई थी। वहीं, अगर सीटवार बात करें तो सबसे ज्यादा वोटिंग अररिया में हुई है। चुनाव आयोग के मुताबिक, अररिया में 62.80 फीसदी वोटिंग हुई है। जबकि, 2019 में यहां 64.78 फीसदी वोटिंग हुई थी। वहीं, सबसे कम वोटिंग झंझारपुर में 55.50 फीसदी हुई है। पिछले चुनाव में यहां 57.24 फीसदी वोटिंग हुई थी। सुपौल में इस बार 62.40 फीसदी वोटिंग हुई है, जबकि 2019 में यहां 65.70 की वोटिंग हुई थी। मधेपुरा में 61 फीसदी वोटिंग हुई है। 2019 में यहां 60.86 फीसदी वोटिंग हुई थी। खगड़िया में इस बार 58.20 फीसदी वोटिंग हुई है, जबकि पिछले चुनाव में यहां 57.68 फीसदी की वोटिंग हुई थी।

### गिरिराज सिंह के पक्ष में करेंगे जनसभा को करेंगे संबोधित, निशाने पर होगा महागठबंधन

**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय में 13 मई को होने वाले लोकसभा के चुनाव को लेकर बड़े नेताओं का दौरा काफी तेज हो गया है। आज एनडीए प्रत्याशी गिरिराज सिंह के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करने के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी आ रहे हैं। नितिन गडकरी दोपहर 2:00 बजे मटिहानी विधानसभा क्षेत्र के बागडोव उच्च विद्यालय के मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। सभा को बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं प्रत्याशी गिरिराज सिंह सहित एनडीए के कई अन्य प्रदेश स्तरीय नेता भी संबोधित करेंगे। कार्यक्रम को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। अधिक से अधिक भीड़ जुटाने के लिए भाजपा सहित एनडीए के सभी घटक दलों ने व्यापक तैयारी की है। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। जिला प्रशासन के अधिकारी भी लगातार नजर बनाए हुए हैं।

## बेतिया, मोतिहारी में तेज आंधी के साथ बारिश, पूरे बिहार में अलर्ट

# तेज हवा-ओले गिरने की भी संभावना

**पटना, एजेंसी।** बिहार के कई जिलों में मंगलवार को हुई बारिश के बाद लोगों की गर्मी से राहत मिली है। बेतिया, मोतिहारी में तेज आंधी के साथ बुधवार को झमाझम बारिश हुई। यहां कल से ही बादल छाए हुए हैं। इसके अलावा मोतिहारी में भी सुबह-सुबह हल्की बारिश हुई। प्रदेश के कई जिलों में सुबह से बादल छाए हुए हैं।

मौसम विभाग ने आज भी प्रदेश के सभी जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक, कई जिलों में बुधवार को बारिश, मेघगर्जन और आकाशीय बिजली के साथ ही 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी चंपारण में 15.2, पूर्वी चंपारण में 18.3, मुजफ्फरपुर में 0.9 और सीतामढ़ी में 1 मिलीमीटर बारिश हुई।

इससे पहले राजधानी पटना समेत बिहार के कई जिलों में मंगलवार को तेज बारिश हुई। तेज बारिश, वज्रपात और ठंडी हवा से लोगों को गर्मी से राहत मिली। इस दौरान पटना के कई इलाकों में पानी भर गया, जिससे लोगों को थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा।वहीं, गया में तीन जगहों पर आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। 10 घायल बताए जा रहे हैं। मंगलवार को पटना, गोपालगंज,



मोतिहारी, बेतिया, सीतामढ़ी, शिवहर, बेगूसराय, गया, भागलपुर और बगहा में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। दिन में रात सा नजारा देखने को मिला।

मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को राजधानी पटना सहित प्रदेश में सुबह और शाम तेज रफ्तार के साथ नमी युक्त पुरवा चलेगी। दिनभर बादल छाए रह सकते हैं। वहीं, प्रदेश के कई जिलों में आंधी के साथ बारिश की संभावना है।

## पुनपुन इलाके के कई गांव में बिजली आपूर्ति ठप, आंधी की वजह से कई जगह पेड़ गिरे


**पटना, एजेंसी।** पटना जिले के पुनपुन में कई गांव अंधेरे की चपेट में है। 24 घंटे से अधिक होने के बावजूद बिजली-पानी की सुविधा बंद है। अभी भी अधिकारियों का सिर्फ आश्वासन मिल रहा है। वहीं, एग्जीक्यूटिव अधिकारी को देर रात जानकारी के लिए कॉल किया गया था। लेकिन, उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। सुबह में फोन पर बताया कि 33 हजार बोल्ट का तार गिर जाने के कारण समस्या हुई है। जल्द ही ठीक कर लिया जाएगा।



नेछ्पुरा गांव में बिजली का तार गिरने के कारण बिजली कटी हुई है। काम फिलहाल चल रहा है। सभी कर्मचारी लगे हुए हैं। इसके बाद बिजली विभाग के एईई ने कहा कि तार गिरने के कारण थोड़ी समस्या हो हुई है। इसके बाद उन्होंने फिर बताया कि दो जगह पर पेड़ गिर गया है।

इसकी कटाई हो रही है। अभी समय और लगेगा। रेलवे वेस्ट फीडर से नवादा पावर सब स्टेशन को बिजली सप्लाई मिलती है। वहां से गांव में बिजली आपूर्ति की जाती है। इससे डुमरी, नेछ्पुरा के अलावा कई गांव में बिजली जाती है।

### दो पक्षों में जमकर मारपीट, साढ़े दस कट्ठा जमीन को लेकर जमकर चले लाठी-डंडे, 10 घायल



**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में जमीनी विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई है। मारपीट में दोनों पक्ष के लोगों ने एक दूसरे पर बांस-बल्ले से हमला कर दिया। जमीनी विवाद में हुई इस मारपीट का लाइव वीडियो भी सामने आया है। करीब 18 सेकेंड के दो वीडियो में चीखती आवाजें और लाठी -डंडे भांजते देखा जा सकता है। मारपीट में दोनों पक्षों को मिलाकर 10 लोग घायल हैं।

मारपीट में एक पक्ष के 8 लोगों को गंभीर जबकि दूसरे पक्ष के दो लोगों को मामूली चोटें आई हैं। मारपीट में गंभीर रूप से घायल हुए लोगों को इलाज के लिए जीएमसीच में एडमिट कराया गया है। घटना मधुबनी थाना क्षेत्र की है।

घायल हुए लोगों में मधुबनी थाना के महाल्दार टोली वार्ड 1 निवासी अरुण महलदार और उनकी पत्नी मुन्नी देवी, बेटी -प्रीति कुमारी, सुमन कुमार, गोबिंद कुमार समेत 8 लोग घायल हैं, जिनका ईलाज चल रहा हैं। जबकि दूसरे पक्ष से 2 लोगों को मामूली चोटें आई हैं।घटना की जानकारी देते हुए घायल अरुण महलदार ने बताया कि महाल्दार टोली वार्ड संख्या 1 में उनकी साढ़े 10 कट्ठा जमीन है। इसी जमीन को लेकर पिछले 2 साल से विवाद चल रहा है। उनकी निजी जमीन पर पड़ोस के रहने वाले छंगुरी महाल्दार, बिंद्रा महलदार ,मंगल महलदार, राजू महलदार, छोटे महलदार और उनके परिवार वाले जबरन जमीन हड़पना चाहते हैं। इस मामले में कई बार फैसला हुआ। ये फैसला उनके पक्ष में आया। इसके बाद भी वह आए दिन किसी ना किसी बात को लेकर पड़ोसी विवाद करते रहते हैं। उनकी जमीन पर चारदीवारी तक खड़ी करने नहीं दी गई।

### अवध-असम एक्सप्रेस में एक ही परिवार के 5 सदस्यों को नशीला कोल्ड ड्रिंक पिला कर लूटा

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** ट्रेनों में सक्रिय नशाखुरानी गिरोह ने बुधवार को एक ही परिवार की दो महिला समेत 5 सदस्यों को शिकार बनाया। पीड़ित परिवार समस्तीपुर के ताजपुर का रहने वाला है, जो लालगढ़ से डिब्रूगढ़ जाने वाली अवध-असम एक्सप्रेस के कोच नंबर एस-3 में यात्रा कर रहा था। छपरा से ट्रेन गुजरने के दौरान नशाखुरानी गिरोह के एक बदमाश ने पानी पिला कर परिवार से मेलजोल बढ़ाया। इसके बाद उसने परिवार के सदस्यों को नशा मिला कोल्ड ड्रिंक पिला कर लूट लिया। उनके बैग से 17 हजार रुपए लेकर फरार हो गया।

पीड़ित यात्री ताजपुर के सठगामा निवासी किशनदेव राम,



उसका पुत्र विवेक, ताजपुर के लरूआ निवासी दामाद संतोष कुमार राम, शैलजा देवी व निशा देवी हैं। सभी दिल्ली से हाजीपुर तक के लिए यात्रा कर रहे थे। मंगलवार की सुबह 6.19 बजे ट्रेन मुजफ्फरपुर पहुंची। इस दौरान आरपीएफ ने किशनदेव राम, विवेक व संतोष को ट्रेन से मुजफ्फरपुर जंक्शन पर उतारा। तीनों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि दोनों महिला हाजीपुर जंक्शन पर उतरी थी। नशे के अधिक डोज के कारण दोपहर तक किशनदेव बेहोश रहा।

# बांका में तिलक के दिन गर्लफ्रेंड से मिलने पहुंचा; परिवार वाले भी पीछे से आ गए

**बांका, एजेंसी।** बांका में विधवा के शादी करने पर गांव वालों ने प्रेमी के साथ बांधकर उसकी पिटाई कर दी। महिला दो बच्चों की मां है। प्रेमी कुंवारा है। दोनों के बीच एक साल से अफेयर चल रहा था। 1 साल पहले दोनों गांव से भागकर बेंगलुरु में रह रहे थे। वहीं पर दोनों ने शादी भी कर ली थी। 1 महीने पहले ये लोग अपने-अपने गांव लौट गए और अलग-अलग रहने लगे। जैसे ही दोनों की शादी की जानकारी गांव वालों को लगी, दोनों को बांधकर पिटाई कर दी।

वीडियो मंगलवार का है। मामला बांका के कटोरिया प्रखंड अंतर्गत जयपुर थाना क्षेत्र के कोल्हासार पंचायत का है। महिला की पहचान पिंकी देवी(30) और प्रेमी कटोरिया थाना क्षेत्र के अरबिन्द यादव(28) पिता नरेश यादव का बेटा है।

दरअसल, प्रेमी के घर वाले उसकी पहली शादी से अनजान उसकी किसी और लड़की से शादी करवाने वाले थे। सोमवार को प्रेमी के परिजन उसका तिलक करा रहे थे। इसी बीच लड़का महिला(अपनी पत्नी) से मिलने उसके घर जा पहुंचा। जब मंगलवार सुबह हुई तो प्रेमी अरबिन्द यादव के घर वाले उसे खोजने के लिए जयपुर कोल्हासार पंचायत के पलनियां पहुंचे। वहां उसे प्रेमिका के घर में पाकर दोनों को रस्सी से बांधकर मारपीट की।

इस दौरान कई घंटों तक हाई वोल्टेज ड्रामा भी चला। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस प्रेमी जोड़े को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। प्रेमिका के अनुसार वो प्रेमी अरबिन्द यादव के साथ रहना चाहती है। लेकिन प्रेमी के घर वाले तैयार नहीं हो रहे हैं। वहीं, रस्सी में बांधे प्रेमी युगल का वीडियो सोशल मीडिया पर अब तेजी से वायरल हो रहा है।

विधवा महिला पिछले एक साल पहले काम का बोल कर प्रेमी के साथ बेंगलुरु चली गई थी। अपने दोनों बेटे प्रीतम कुमार और उत्तम कुमार को सास के पास गांव में छोड़ कर गई थी। बेंगलुरु में दोनों प्रेमी-प्रेमिका ने शादी भी कर ली थी। पति-पत्नी की तरह जीवन जी रहे थे। दोनों मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर रहे थे। एक माह पहले दोनों प्रेमी-प्रेमिका अपने अपने घर लौट आए थे।

इसके बाद प्रेमी अरबिन्द यादव अपने घर थमबोर से पलनियां महिला से मिलने हर दिन आया करता था। इसी तरह मंगलवार को भी वह अपनी पत्नी से मिलने पहुंचा। तभी ये घटना घटी। प्रेमिका पिंकी देवी के अनुसार वो प्रेमी अरबिन्द यादव के साथ रहना चाहती है। प्रेमी अरबिन्द यादव भी अपनी प्रेमिका को रखने के लिए तैयार है, लेकिन उसके घर वाले नहीं मान रहे हैं।

## पटना के पुराने म्यूजियम में लगी आग, अंदर काम कर रहे मजदूरों को बाहर निकाला गया, गंगा गैलरी को नुकसान

**पटना, एजेंसी।** पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र के निर्माणाधीन म्यूजियम में भीषण आग लग गई। चारों तरफ धुआं भर गया। इस वजह से अग्निशमन विभाग के कर्मियों को भी आग पर काबू पाने में मुश्किल आई। मौके पर दमकल की गाड़ियां पहुंची तब जाकर डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। वहीं, आग बुझाने के लिए शीशा तोड़ने और हाथ में लग जाने से दो कर्मी जख्मी हो गए।संरक्षित सामानों को भारी नुकसान पहुंचा है। अंदर ढेर सारी लकड़ी रखी गई थी। फाइबर के सामान भी रखे थे। अंदर में 12 से 13 मजदूर मौजूद थे। धुआं भरने के बाद मजदूर एक-एक कर के बाहर निकाला गया। म्यूजियम के अंदर गंगा गैलरी को नुकसान पहुंचा है। वहीं, आईजी सुनील कुमार ने बताया कि बिल्डिंग अंडर कंस्ट्रक्शन है। आग बुझाने में मूर्तियों की वजह से कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

म्यूजियम के डायरेक्टर राहुल कुमार ने कहा है कि पटना म्यूजियम में न्यू गैलरी का निर्माण हुआ है। अंदर फाइबर



का काम चल रहा था। इसी दौरान किसी डिफॉल्ट की वजह से आग लग गई। जान-माल की क्षति नहीं हुई है। वहीं, डीएसपी विधि व्यवस्था कृष्ण मुरारी प्रसाद ने बताया कि 11:42 में आग लगने की सूचना मिली थी। इसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया।

जिला अग्निशमन पदाधिकारी मनोज कुमार नट ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। 11:42 में आग लागी थी। 25 गाड़ी आई थी। आग पर काबू पाने में लगभग 1:30 घंटे का समय लगा। बता दें कि आग कट्टर मशीन से निकलने वाली चिंगारी से लगी थी। अंदर में पराली (पुआल) भी थी और उसमें आग लग गई। आग बुझाने के दौरान कांच के शीशे तोड़ने पड़े। पिछले हिस्से तक अग्निशमन की गाड़ी रास्ता नहीं होने की वजह से नहीं पहुंच पाई। पानी टैंक को दूर खड़ा कर पानी को आग लगने वाली जगह अंडर कंस्ट्रक्शन गंगा गैलरी तक पहुंचा गया है। इस दौरान काफी कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

इधर, चितकोहरा पुल पर टायर फटने से एक टैंकर में आग लग गई। तुरंत फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी गई। फौरन फायर ब्रिगेड की 3 गाडियां मौके पर पहुंची। आग को समय रहते बुझा लिया गया।

### छपरा में आज से पीजी सेकेंड-थर्ड सेमिस्ट का एग्जाम, 30 मिनट पहले करना होगा रिपोर्टिंग



**छपरा, एजेंसी।** जयप्रकाश विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर सेकेंड सेमेस्टर और तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा बुधवार से शुरू होगी। विवि प्रशासन ने परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली है। दोनों सेमेस्टर के एग्जाम मल्टीपल एग्जामिनेशन हॉल जे पी यू कैंपस में आयोजित होंगे।

परीक्षा 8 मई से 14 मई तक आयोजित होगी। सेकेंड सेमेस्टर का एग्जाम प्रथम पाली में और तृतीय सेमेस्टर का एग्जाम द्वितीय पाली में आयोजित की जाएगी। प्रैक्टिकल एग्जाम 22 से 30 मई के बीच में संबंधित विभाग में आयोजित होगी।इसको लेकव्र विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी तरह की तैयारी पूरी कर ली गई है। पहली बार एक साथ दो पालियों का परीक्षा आयोजित किया जा रहा है।जेपी यूनिवर्सिटी के परिसर में बने मल्टीपल एग्जाम सेंटर में पहली बार परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इसके सभी छात्रों को अपने नियत समय से 30 मिनट पहले रिपोर्टिंग करना है। परीक्षा नियंत्रक डॉ दिलीप कुमार ने बताया कि शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त माहौल में परीक्षा आयोजित कराने को लेकर गाइडलाइन जारी किया गया है।केंद्राधीक्षक को विशेष निर्देश दिया गया है।

### वाहनों की पार्किंग गांधी मैदान में होगी-पटना साहिब व पाटलिपुत्र लोकसभा सीट के लिए नामांकन शुरू

**पटना, एजेंसी।** पटना साहिब और पाटलिपुत्र लोकसभा सीट के लिए मंगलवार से नामांकन शुरू हो गया। यह 14 मई तक चलेगा। हिंदी भवन स्थित समाहरणालय में पहले दिन पाटलिपुत्र लोकसभा सीट के लिए हमारा सहारा पार्टी से कुणाल कुमार ने नामांकन दाखिल किया। पटना साहिब सीट के लिए कोई नामांकन नहीं हुआ। डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने कहा कि सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक नामांकन होगा। नामांकन के लिए आने वाले उम्मीदवारों की सुविधा के लिए अलग-अलग हेल्प डेस्क बनाई गई है। इधर, सदर एसडीओ ने समाहरणालय परिसर के 200 मीटर की परिधि में धारा-144 लागू की है।

14 जून तक हिंदी भवन स्थित समाहरणालय इलाके को जाम मुक्त रखने के लिए ट्रैफिक में बदलाव किया गया है। नामांकन में आने वाले वाहनों की पार्किंग गांधी मैदान में होगी, जो गेट नंबर-12 से जाएंगी। उम्मीदवारों के तीन वाहनों को 100 मीटर की परिधि में प्रवेश मिलेगा।

हिंदी भवन में नामंकन अवधि तक आम लोगों का प्रवेश रोक दिया गया। इससे जिला प्रशासन के दफ्तर में काम कराने आनेवालों को परेशानी हुई। सुबह में आए लोगों को दोपहर होने का इंतजार करना पड़ा।

जिले में अबतक 6077 लोगों पर आईपीसी की धारा 107 के तहत कार्रवाई की गई है। गुंडा रजिस्टर में 237 लोगों का नाम दर्ज किया गया है।

# 9 करोड़ के मालिक हैं केंद्रीय मंत्री राजकुमार सिंह, 22 साल पुरानी कार, पति-पत्नी निवेश पर करते हैं भरोसा

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** आरा लोकसभा से तीसरी बार चुनावी मैदान में उतरे एनडीए प्रत्याशी सह केंद्रीय ऊर्जा मंत्री राजकुमार सिंह ने मंगलवार को अपना नामांकन दाखिल किया। शपथ पत्र में आरके सिंह ने अपनी संपत्ति का ब्योरा दिया है। इनके पास लगभग साढ़े 9 करोड़ रुपए की चल और अचल संपत्ति है।

गाड़ी मोटर से खास लगाव नहीं है। इनके पास 22 साल पहले खरीदी गई एक फियेट कार है। लेकिन पत्नी के पास लगभग 20 लख रुपए के आभूषण हैं। खुद सुरक्षित निवेश पर भरोसा करते हैं और बैंक में निवेश करते हैं।



नामांकन पत्र में संपत्ति के ब्यूरो के अनुसार पत्नी ने नेस्ले, जिनो फिन,रिलायंस,इंफ्रा टीसीएस जैसी कंपनियों पर निवेश की है। आरके सिंह के पास सुपौल पटना एवं दिल्ली में अचल संपत्ति है। वर्ष 2022-23 में उनकी वार्षिक आय 42 लाख 7790 रुपए थी। यह आए उन्हें सरकारी पेंशन, किराया. खेती एवं वेतन से प्राप्त हुए हैं। केंद्रीय मंत्री राजकुमार सिंह पर कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है।

राजकुमार सिंह ने शपथ पत्र में बताया है कि उनके हाथ में 30 हजार रुपए नगद जबकि उनकी पत्नी के हाथ में 25 हजार नगद है। इसके अलावा दिल्ली स्थित स्टेट बैंक के एक ब्रांच में करीब 3 लाख 16 हजार रुपए है। इसी ब्रांच में 88 लाख 55 हजार रुपए की एफडी है। स्टेट बैंक सेक्रेटेरिएट ब्रांच पटना में 53 सौ 93 रुपए है। वही दिल्ली स्थित उनकी पत्नी के एचडीएफसी के बैंक के खाते में 17 हजार 528 रुपए है। इसी ब्रांच में 32 हजार 215 रुपए की एफडी भी है। उनके पास 12 लाख 25 हजार 828 रुपए के शेयर या बंध पत्र है।

राजकुमार सिंह के पास पटना के रूपसपुर में दो प्लॉट, सुपौल में 1.659 एकड़ जमीन जिसमें पुश्तैनी जमीन भी शामिल है। फरीदाबाद में भी 1600 गज जमीन है। राजकुमार सिंह का सकल मूल्य 96 लाख 13 हजार 206 है जबकि उनकी पत्नी का सकल कुल मूल्य 43 लाख 571 रुपए है। पत्नी शीला देवी के नाम पर पटना के बेली रोड एवं गुरुग्राम में भी संपति है। राजकुमार सिंह बिहार के सुपौल निवासी हलदर प्रसाद सिंह उर्फ हलधर सिंह के पुत्र हैं। 1975 बैच के रिटायर्ड आईएएस अधिकारी है। 2014 के लोकसभा चुनाव में पहली बार भाजपा के टिकट से चुनाव लड़े थे। इसके बाद से लगातार दो बार आरा लोकसभा से सांसद और पिछले 7 सालों से विद्युत एवं नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग के मंत्री हैं। इस बार भी आरा लोकसभा सीट से हैट्रिक लगाने की तैयारी में लगे हैं।

# नबा हीरा कुमार सरनीया के मैदान में आने से मुकाबला हुआ रोमांचक

**सूत्रों के अनुसार एक आदिवासी नेता के साथ जिला परिषद के अध्यक्ष पद चुनाव में हुये खेला का जवाब उक्त नेता द्वारा इस चुनाव में दिया जायेगा, अगर सब कुछ सही रहा तो जिला परिषद चुनाव में अपने साथ हुए खेला का इनाम देने की पूरी तैयारी उक्त नेता द्वारा कर ली गयी है**

चाणक्यभूमि वाल्मीकिनगर




- **नबा हीरा कुमार सरनीया दो बार निर्दलीय विधायक रह चुके है और आदिवासी वोटरों की संख्या को देखते हुए आदिवासियों के हक हुकूक के लिए लड़ने उम्मीदवार के आने से लड़ाई दिलचस्प होगी**

वाल्मीकि नगर लोक सभा सीट पर चुनावी दंगल दिलचस्प होता जा रहा है। दरअसल असम के कोकराझार लोकसभा सीट से दो बार सांसद रह चुके नबा हीरा कुमार सरनीया अब गण सुरक्षा पार्टी से वाल्मीकिनगर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। नबा हीरा कुमार सरनीया, आदिवासियों के हक हुकूक के लिए वाल्मीकिनगर संसदीय क्षेत्र का रुख किया है। यह आदिवासी, दलित महादलित और पिछड़ा अतिपिछड़ा बहुल इलाका है। बताते चलें कि कोकराझार से नबा हीरा कुमार सरनीया का नॉमिनेशन रद्द होने के कारण उन्होंने यहां से चुनाव लड़ने का फैसला किया है। उनकी नजर क्षेत्र मे आदिवासी समुदाय के वोटरों पर है। वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र में राजद और जदयू के बीच कांटे की टक्कर दिख रही थी। इस बीच कोकराझार से दो बार निर्दलीय सांसद रह चुके नबा हीरा कुमार सरनीया के मैदान में उतरने से मुकाबला दिलचस्प हो गया है। क्योंकि इनकी नजर गेम चेंजर माने जाने वाले आदिवासी समुदाय के वोटरों पर है। वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र में थारू उरांव आदिवासी वोटरों की संख्या तकरीबन ढाई लाख के आस पास है जो जीत हार के लिए निर्णायक हैं। हालांकि अभी तक यहां एनडीए का बोलबाला रहा है। ऐसे में अबकी बार ये आदिवासी मतदाता किस ओर रुख करते हैं ये देखना दिलचस्प होगा।

## ग्रामीण बैंक के प्रबंधक ने ग्रामीणों के साथ कि बैठक

- **बैठक मे प्रबंधक ने ग्राहकों को लूट पाट छिनतई से बचने का दिया आवश्यक निर्देश**

चाणक्य भूमि मैनाटांड़

**मैनाटांड़** अंचल कार्यालय में स्थित एस बी आई बैंक में मंगलवार को एक व्यक्ति के साथ लूट पाट छिनतई की घटना को देखते हुए ग्रामीण बैंक में एक बैठक किया गया। ग्रामीण क्षेत्र में बुजुर्ग ग्राहकों के साथ मैनाटांड़ बैंक के शाखा प्रबंधक चंदन कुमार उपाध्याय ने बुधवार को बैंक कर्मियों के साथ बैठक की। बैठक में शाखा प्रबंधक ने आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि ग्राहकों के साथ लेनदेन ससमय पर करें ताकि वे सुरक्षित अपना पैसा लेकर घर लौट जाएं। इस दौरान उन्होंने कर्मियों को बहुत सारे आवश्यक निर्देश भी दिए। साथ ही शाखा प्रबधक श्री उपाध्याय ने बैंक में आए ग्राहकों से कहा कि पैसा निकासी कर ले जाने के दौरान कोई समस्या हो या फिर आस-पास कोई संदिग्ध भटकता दिखाई दे तो इसकी सूचना पुलिस को अवश्य दें। मौके पर चंदन कुमार कार्यालय सहायक आर्चाय, कैशियर धीरज पांडे कार्यालय सहायक अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

## मॉडल इम्यूनाइजेशन कॉर्नर से पांच साल में शहरी टीकाकरण में चार गुना वृद्धि

चाणक्य भूमि

मॉडल इम्यूनाइजेशन कॉर्नर के नए प्रयोग ने 9 माह से 12 माह के शहरी बच्चों के टीकाकरण की गति और आच्छादन में उल्लेखनीय विस्तार दिया है। केवल पांच साल में ही इसमें चार गुना से अधिक की वृद्धि दर्ज हुई है। राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक सुहर्ष भगत का मानना है कि स्वास्थ्य महकमे की इस नई पहल ने शहरी स्लम बस्ती में रहने वाले परिवारों और उनके बच्चों का जीवन सुरक्षित किया है। ज्ञातव्य है कि राज्य के अभी 27 शहरों में ऐसे 90 मॉडल इम्यूनाइजेशन कॉर्नर कार्यरत हैं।वर्ष 2019-20 में जब पहली बार ये कॉर्नर बने तो पहले साल यहाँ 23 हजार 671 बच्चों का टीकाकरण किया गया। केवल पांच साल में यह आँकड़ा बढ़कर गत वर्ष 2023-24 में 1 लाख 1 हजार 227 पर पहुंच गया. राज्य में इसके अतिरिक्त 106 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर भी टीकाकरण केंद्र काम कर रहा है।







## एसपी कांतेश मिश्रा की मेहनत रंग लायी कुख्यात कुणाल सिंह को आजीवन कारावास



चाणक्य भूमि संवाद सूत्र

मोतिहारी एसपी कांतेश मिश्रा द्वारा मोतिहारी में योगदान देने के कुछ दिन बाद ही कुख्यात कुणाल सिंह को उसके घर से छापेमारी कर AK-47, विदेशी पिस्टल, दो लोडेड मैगजीन और 20 से अधिक वॉकी-टॉकी के साथ गिरफ्तार किया था और साथ ही स्पीडी ट्रायल चला कर कुणाल सिंह को सजा दिलाने की बात कही थी। इसी का नतीजा यह निकला कि मात्र चौदह महीने में ही इस कुख्यात अपराधी को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वैसे तो इसके खिलाफ राज्य के विभिन्न थानों में दर्जनों मामले दर्ज है। परंतु इसके खिलाफ जो मामले ज्यादा चर्चा में रहे है उनमें से एक है 11 मई को बेतिया न्यायालय में पेशी के दौरान उत्तर बिहार के कुख्यात अपराधी बबलू दुबे को न्यायालय परिसर में गोलियों से भून कर उसकी हत्या कर दी।

# वनकर्मी से मारपीट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

चाणक्य भूमि वाल्मीकिनगर



वनकर्मी कृष्णमोहन कुमार ने वाल्मीकिनगर थाने में आवेदन देकर तीन लोगो के विरुद्ध मारपीट करने एवं बंधक बनाने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन के मुताबिक वह साथी वनकर्मी धमेन्द्र राम एवं सरजूलाल कुशवाहा के साथ वन कक्ष सं एम 27 में जंगली जानवरो एवं वन की सुरक्षा हेतु रात्री गश्ती पर था। जब वे लोग गश्ती करते हुऐ लक्ष्मीपुर चंपा माई स्थान के पास पहुँचे तो कुछ ग्रामीण आये तथा बल पूर्वक कहने लगे कि तुम कौन हो रात में क्यों घुम रहे हो। हमलोगो ने अपना परिचय दिया कि हमलोग वनकर्मी है जो रात्रि गश्ती में है। फिर भी वे लोग जान बुझ कर गाली गलौज लगे इसका विरोध किया तो वे लोग घेराव करने लगे जिसने दो वनकर्मी सरजुलाल कुशवाहा एवं धमेन्द्र राम किसी तरह अपना जान बचाकर उनके चंगुल से भागने में सफल रहे। मुझे ग्रामीणो के द्वारा पकड़ लिया गया तथा मेरे साथ मारपीट कर कपड़ा फाड़कर जान मारने की नियत से मुझे बंदी बना लिया गया। तथा अन्य दो वनकर्मी के द्वारा वनपाल सोनू कुमार को दूरभाष से घटना की जानकारी दी गई तथा तत्काल वनपाल अन्य वनकर्मी के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। तथा इसकी सुचना वनपाल के द्वारा पुलिस को दी गई। तत्काल वनकर्मी द्वारा मुझे बंदी से छुड़ाया गया। तत्पश्चात वाल्मीकिनगर पुलिस आई। मारपीट में शामिल दो व्यक्ति को अपने हिरासत लिया। पुछताछ में अपना नाम राधेश्याम राम पिता स्व० रघुनाथ राम एवं संदिप कुमार, पिता- बलीराम एवं फरार व्यक्ति लक्ष्मण राम तीनो साकिन लक्ष्मीपुर रमपुरवा नहर टोला के निवासी हैं। तथा तीनो दबंग टाईप के व्यक्ति है। लक्ष्मण राम जंगली जानवर के शिकार मामले में पहले भी जेल जा चुका है। इस बाबत थानाध्यक्ष विजय प्रसाद राय ने बताया कि आवेदन के आलोक में दो आरोपियो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं फरार तीसरे आरोपी तलाश जारी है।










# लोकतंत्र व संविधान को बचाने के लिए इण्डिया गठबंधन को जिताने की अपील

चाणक्य भूमि बेतिया



- **माले नेता सुनील कुमार राव ने लोकसभा चुनाव मैदान में सच्चे देशभक्तो के आगे आने और भाजपा की तानाशाही को धूल चटानें की मतदाताओं से अपील की**

देश में पहली बार देखा गया कि मोदी राज में राज्यों में लोकतांत्रिक तरीके से निर्वाचित दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के हेमंत सोरेन को जेल में बंद किए गए । दोनो मुख्यंत्रीयो की पत्नी सामाजिक धरातल पर आधी आबादी की साझीदारी निभा रही है। कांग्रेस पार्टी की खाता सील कर फाईन किया गया !ईमानदार पत्रकारो, टीवी चैनलो पर पाबंदी लगाई गई है।सबको जेल भेजने की धमकी दी जा रही है । उक्त बातें माले नेता सुनील कुमार राव ने पश्चिम चंपारण संसदीय क्षेत्र से इंडिया महागठबंधन के पश्चिम चंपारण संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी मदन मोहन तिवारी के लिए जनसंपर्क के दौरान कहा। सुरेंद्र चौधरी ने कहा मोदी सरकार के वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के पति ने कहा है इलेक्ट्रोल बॉन्ड महाघोटाला है।भाजपा निर्लज्जता की हद्दे पार कर गई है।महंगाई व रोजगार के सवाल पर भाजपा की बोलती बंद है। मजदूर-किसान, छात्र-नौजवान, शिक्षक कर्मचारी, स्कीम वर्कर्स के साथ छोटे व्यवसायिक काफी परेशान है।अब लोग बोलने लगें हैं कि वोट हमारा- राज तुम्हारा नहीं चलेगा !हर क्षेत्र -हर बूथ पर भाजपा को हराएंगे इण्डिया गठबंधन के संघर्षशील लोकप्रिय उम्मीदवार को भारी मतों से जिताएंगे। जन संपर्क के दौरान मंगल चौधरी, मुंशी दास,अमर दास, रवीन्द्र राम, राजेश्वर प्रसाद राजू यादव,चिंतामन यादव आदि मौजूद थे।

## पुलिस ने तस्करी के 29 मवेशी को किया बरामद दो तस्कर गिरफ्तार

चाणक्य भूमि संवाद सूत्र


चुनाव के दौरान वाहनों की गहन जाँच के दौरान गोपालगंज पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पशु तस्करों द्वारा यूपी से कंटेनर में भरकर पशुओं को बंगाल ले जाने वाले रैकेट का खुलासा हुआ है । नगर थाना क्षेत्र के हजियापुर NH-27 पर वाहन जांच के दौरान पुलिस को एक कंटेनर से 29 पशु जिनको तस्करों द्वारा बंगाल ले जाया जा रहा था उसको जप्त किया है साथ ही दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया है जिनकी पहचान उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले के सैयद थाना क्षेत्र के सुमडीया गांव निवासी राशिद और अजीम नगर थाना क्षेत्र के नगलिया निवासी मो.उवैस के रूप में की गई।

## कृष्णेश्वर महादेव मंदिर में भजन कीर्तन का आयोजन,उमड़ी भीड़

चाण्क्य भूमि(मझौलिया)

मझौलिया ।साधना भक्ति भाव ही मानव जीवन के निष्कर्म का प्रतिफल होता है ।अजन्मा हनुमान की आराधना से जो मनुष्य सच्चे भाव भक्ति से साधना में लिप्त रहते हैं उनके एवं उनके परिवार के जीवन में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं होती है तथा वह मोक्ष की प्राप्ति करते हैं ।यह बाते थाना परिसर स्थित शिव महादेव मंदिर मैं प्रत्येक सप्ताह आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान व्यास सुरेंद्र भारती एवं इंद्रदेव गिरी ने उपस्थित श्रद्धालु भक्तगणों के बीच कहीं। उन्होंने कहा कि सच्चे दिल भक्ति भाव से परमात्मा को जो भी मानव पुकारते हैं उनके दुख की घड़ी में परमात्मा किसी न किसी रूप में आकर सहायक हो जाते हैं । इस मौके पर थानाअध्यक्ष अखिलेश मिश्र, बीरबल यादव, प्रभाकर कुमार ,अनुज कुमार सिंह समेत व्यवसाई संजय कुमार श्रीवास्तव बृजेश कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।




# वृद्ध महिला की गला दबाकर की हत्या पुलिस ने शव को पोस्टमार्टममें भेजा

चाण्क्य भूमि(सिकटा)

**सिकटा**। पुरैना पंचायत के पुरैनिया डीह गांव में जमीनी विवाद में एक बृद्ध महिला की गला दबाकर हत्या कर दी गई। मृत महिला की पहचान पुरैनिया डीह के स्वर्गीय रामा भगत की पत्नी मुस्मात सुगिया देवी(70) के रूप में हुई है। पुलिस महिला के शव का पोस्टमार्टम कराकर उसके परीजनो को सुपूर्द कर दिया है। मृत महिला के पुत्र कैलाश राम ने गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। गोपालपुर थानाध्यक्ष राजन कुमार ने बताया कि मृत महिला व साहदेव राम के बीच वर्षों पहले से घराडी के जमीन करीब एक कठ्ठा तेरह धुर जमीन को लेकर विवाद चल रहा था इसे लेकर सोमवार को सुबह दोनों पक्ष आपस में भीड़ गये पुलिस के हस्तक्षेप के बाद मामला शान्त हुआ था। पुलिस के जाने के बाद फिर दोनों जमकर मारपीट कर लिए। जिसमें एक तरफ से साहदेव राम(55) व उनका पुत्र संतोष कुमार(25) समेत दूसरे पक्ष से मृतका का पुत्र किशोर राम घायल हो गयें। साहदेव राम व संतोष कुमार को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिकटा में भर्तियां कराया गया। जहां स्थिति खराब देख चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए जी एम सी एच बेतिया भेज दिया मृतका के परिवार वाले एक कठ्ठा तेरह धुर जमीन खरीदे है। जिस पर लगभग चार पुस्त से दखल कब्जा है। वही यह जमीन सहदेव राम का खतियानी जमीन है। सोमवार की सुबह विरोधियों ने मेरे नाद खुटा पर अपना मवेशी बांध दियें। जिसका विरोध करने पर मारपीट कियें। जिसमें ममेरा भाई किशोर घायल हो गया। वही रात में मेरी माँ उसी भूमि पर बने घर में सोयी हुई थी। जिसे गला दबाकर जान से मार दिया गया। थानाध्यक्ष राजन कुमार ने बताया कि इस घटना में अभी आवेदन नही मिला है। सूचना के आधार पर और प्रक्रिया की गई है। शेष शिकायत पत्र आने पर कार्रवाई होगी।

## लक्ष्मीपुर के ग्यारह अग्नि पीड़ितों को मिला सहायता राशि का चेक

चाण्क्य भूमि(मैनाटांड)

**मैनाटांड**।पुरूषोत्तमपुर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर गांव में हुये अग्नि कांड के पीड़ित ग्यारह परिवारों को सीओ आशीष आनंद ने राहत की राशि का चेक दिया। चेक देते सीओ श्री आनंद ने कहा कि अगलगी की घटना में जो नुकसान हो गया उसकी पूरी भरपाई करना तो तत्काल में संभव नहीं है। लेकिन सरकार के द्वारा जो राहत की राशि दी जा रही है उसका सदुपयोग कर अपना घर बनवाये और खाने पीने के समान खरीदे। प्रति पीड़ित परिवार को बारह हजार रूपये के चेक के साथ पॉलीथिन शीट भी दिया गया। सीओ ने कहा कि प्रशासन हमेशा अग्नि पीड़ितों की मदद करने के लिए प्रयासरत रहता है। उन्होंने मिली राशि को सदुपयोग करने पर बल दिया। मौके पर अंचल नाजिर सहित अग्नि कांड के पीड़ित परिवार मौजूद रहें।










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714